# प्रेस नोट जनपद बागपत

**थाना छपरौली** **दिनाँक 04.10.2025**

## थाना छपरौली की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं पर फब्तियाँ कसने व अश्लील इशारे करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**कार्यवाही-**



बागपत पुलिस द्वारा जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकंक्षी मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस अधीक्षक बागपत के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना छपरौली पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं पर फब्तियाँ कसने व अश्लील इशारे करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

उपरोक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना छपरौली पर मु0अ0स0 244/25 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत किया गया है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

सोनू पुत्र अशोक निवासी ग्राम तुगाना थाना छपरौली जनपद बागपत।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-म0उ0नि0 रविन्द्री श्यौराण थाना छपरौली जनपद बागपत।

2-म0है0का0 859 इन्दू यादव थाना छपरौली जनपद बागपत।

3-म0का0 311 रोबिन रानी थाना छपरौली जनपद बागपत।

4-है0का0 434 दीपक कुमार थाना छपरौली जनपद बागपत।

5-का0 1040 अजित कुमार थाना छपरौली जनपद बागपत।

# बागपत पुलिस

## थाना रमाला



दिनांक 04.10.2025 को थाना रमाला पुलिस की मिशन शक्ति टीम को जिवाना टोल के निकट दो नाबालिग बालिकाओं निवासी ग्राम ढिकाना थाना बडौत के खड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। थाना रमाला की मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर जानकारी की गई तो बालिकाओं ने बताया कि हम मेला देखकर वापस लौट रहे थे तो हमारे चचेरे भाई की मोटरसाईकिल पंचर हो गई जिसकी वजह से हम अपने घर नहीं पहुंच पाए हैं। थाना रमाला की मिशन शक्ति टीम द्वारा उक्त दोनों बालिकाओं को सकुशल उनके घर जाकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

#MissionShakti5
#MissionShaktiUPP

# बागपत पुलिस

## थाना कोतवाली बागपत



दिनांक 04.10.2025 को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना कोतवाली बागपत की मिशन शक्ति टीम द्वारा शाम के समय बाजार क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान टीम को लगभग 8 वर्षीय बच्ची परी पुत्री मोनू अकेली घूमती हुई मिली। टीम ने संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ बच्ची से वार्ता कर उसका पता प्राप्त करने का प्रयास किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 01 घंटे के भीतर उसके परिजनों का पता लगाकर बच्ची को सकुशल उसके पिता मोनू निवासी माता कॉलोनी, कस्बा बागपत के सुपुर्द किया। इस दौरान टीम द्वारा परिजनों को बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि छोटे बच्चों को अकेले बाजार या सार्वजनिक स्थानों पर न भेजें। मिशन शक्ति टीम की इस त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई की सराहना की गई।

#MissionShakti5
#MissionShaktiUPP

# बागपत पुलिस

## थाना कोतवाली बागपत

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन




दिनांक 04.10.2025 को थाना कोतवाली बागपत पर दीपा पुत्री विजयपाल (उम्र लगभग 24 वर्ष) निवासी ग्राम काठा थाना कोतवाली बागपत अपने परिजनों से मोबाइल फोन पर हुए विवाद के कारण नाराज होकर घर से निकलकर थाने पहुँची। इस सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होते ही मिशन शक्ति टीम ने संवेदनशीलता के साथ तुरंत कार्रवाई करते हुए दीपा से वार्ता की, उसकी भावनाओं को समझा और उसे शांतिपूर्वक समझाया । टीम ने परिजनों को थाने बुलवाकर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने दीपा को महिला सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात दीपा को सकुशल उसके परिजनों के साथ घर भेजा गया।

#MissionShakti5
#MissionShaktiUPP